हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–208 : जौनपुर, मंगलवार 23 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रदेश सरकार अनाथ, त्यक्त, अभ्यर्पित सहित विभिन्न प्रकार के बच्चों को प्रदान कर रही पुनःस्थापन आदि बाल संरक्षण सेवायें

जौनपुर सू.वि. : प्रदेश सरकार अनाथ, त्यक्त, अभ्यर्पित सहित विभिन्न प्रकार के बच्चों का संरक्षण, कल्याण, शिक्षा, पुनःस्थापन आदि बाल संरक्षण सेवायें प्रदान कर रही है। भारत सरकार के सहयोग से किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्राविधानों के अनुसार देखरेख की आवश्यकता एवं संरक्षण तथा विधि विरूद्ध कार्यों में लिप्त बच्चों के संरक्षण, कल्याण एवं पुनःस्थापन को सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा बाल संरक्षण सेवाएं योजना प्रदेश में संचालित की जा रही है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में 51 राजकीय संस्थायें (26 राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, 08 बाल गृह (बालक), 04 बाल गृह (बालिका), 05 बाल गृह (शिशु), 02 विशेष गृह, 01 प्लेस ऑफ सेफ्टी, 05 पश्चातवर्ती देख रेख संगठन) संचालित है। राज्य सरकार दत्तक ग्रहण के लिये अनाथ, त्यक्त, या अभ्यर्पित बच्चों के पालन–पोषण, देखभाल सहायता हेतु बच्चों के पुनर्वासित किये जाने हेतु प्रदेश में 05 राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण तथा स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से 07 विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण संचालित है। प्रदेश में पी0पी0पी0 माडल के अन्तर्गत स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से जनपद लखनऊ, एवं गौतमबुद्धनगर में मानसिक मंदित विशेषीकृत बच्चों के लिए राजकीय विशेषीकृत संचालित है। अनाथ, उपेक्षित, आदि विभिन्न प्रकार के बच्चों के विकास हेतु शहरी तथा अर्द्धशहरी क्षेत्रों में स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से प्रदेश में अनुदान प्राप्त 16 खुले आश्रय गृह संचालित है। शासकीय, सहायता प्राप्त तथा स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से संचालित संस्थाओं में लगभग 6000 संवासी निवास करते हैं। स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से बाल गृहों का संचालन हेतु प्रदेश में विभिन्न प्रकार के 21 बाल गृहों (09 बालक, 09 बालिका एवं 03 शिशु) को शासकीय मान्यता प्रदान की गयी है। इस दौरान जनपद गाजीपुर एवं इटावा में 50–50 की क्षमता के नवीन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का संचालन प्रारम्भ किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद मुजफ्फरनगर में भवन का निर्माणकार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का पुनः संचालन प्रारम्भ कर दिया गया। प्रदेश में स्टेट डॉटा मैनेजमेंट सेंटर की स्थापना की गयी है, जिसके माध्यम से महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त संस्थाओं, मण्डलीय, कार्यालयों तथा जिला कार्यालयों का सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण का कार्य किया जाता है। विभागीय सूचना प्रबंधन प्रणाली (एम0आई0एस0) को तैयार कर समेकित बाल संरक्षण योजना (आई0सी0पी0एस0) के अन्तर्गत विभाग की समस्त सूचनाओं को रियल टाइम में अपलोड किये जाने का कार्य किया जा रहा है। किशोर न्याय अधिनियम के अन्तर्गत प्रदेश में स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से संचालित विभिन्न अनाथालयों/आश्रमों/बाल गृहों को अधिनियम के अधीन पंजीकरण एवं मान्यता प्रदान की जा रही है। प्रदेश में महिला कल्याण विभाग के अधीन किराये के भवनों में संचालित राजकीय गृहों में निवासरत अन्तःवासियों के सुरक्षित एवं पर्याप्त स्थान के दृष्टिगत विभागीय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद आगरा, रायबरेली, चित्रकूट, मीरजापुर, इटावा, मुरादाबाद, गाजियाबाद, वाराणसी, मेरठ, कानपुर नगर में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बच्चों का पुनःस्थापना के लिये योजना के अन्तर्गत स्पांसरशिप, फोस्टर केयर एवं दत्तक ग्रहण का प्राविधान किया गया है। वर्ष 2020–21 में स्पांसरशिप एवं फोस्टर केयर योजना के अन्तर्गत क्रमशः 1007 व 05 बालक लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2020–21 तक 236 बालकों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से पुर्नवासित किया गया है। गत वर्ष अभी तक 53 बच्चों को एडॉप्शन में 711 बच्चों को स्पॉन्सरशिप से तथा 03 बच्चों को फॉस्टर केयर के अन्तर्गत लाभान्वित किया गया है।

## चुनाव से पहले बैंकों की 700 नई शाखाएं और 700 एटीएम होंगे स्थापित : राज्य सरकार के प्रस्ताव को केंद्र ने दी मंजूरी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में बैंकों की 700 नई शाखाएं और 700 नए एटीएम स्थापित किए जाएंगे। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री डा. भागवत किशनराव कराडे की अध्यक्षता में यहां संपन्न राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी की विशेष बैठक में यह फैसला हुआ। इससे 23 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। महानिदेशक संस्थागत वित्त शिव सिंह यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ वर्चुअल संवाद में प्रदेश में राष्ट्रीय मानक (एक लाख जनसंख्या पर 14 बैंक) के अनुरूप बैंक शाखाएं व एटीएम स्थापित करने का आग्रह किया था। केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। सोमवार को बड़ौदा भवन गोमतीनगर में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री डा. भागवत किशनराव कराडे की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक हुई। इसमें सभी सार्वजनिक व निजी बैंकों के अधिकारी शामिल हुए। मंत्री ने इसी बैठक में राज्य सरकार के प्रस्ताव पर 700 नई बैंक शाखाएं और इतने ही नए एटीएम 31 मार्च 2022 तक स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। बैंकवार शाखाओं के लक्ष्य भी तय कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बैंकों ने दिसंबर तक इन बैंक शाखाओं की स्थापना का आश्वासन दिया है। बैठक में राज्य सरकार की ओर से महानिदेशक संस्थागत वित्त यादव के अलावा आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक एलएन राव व राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक बृजेश सिंह आदि उपस्थित थे। इस तरह बढेंगे रोजगार के अवसर। महानिदेशक संस्थागत वित्त ने बताया कि एक बैंक शाखा की स्थापना पर करीब 15 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इसके अलावा करीब इतने ही बैंक मित्र नियुक्त किए जाते हैं। इस तरह एक शाखा करीब 30 लोगों के लिए सीधे नौकरी या रोजगार का अवसर लाती है। इस तरह बैंक की 700 नई शाखाओं की स्थापना से करीब 21 हजार लोगों को रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह एक एटीएम पर तीन गार्डों को रोजगार मिलता है। इस तरह करीब 2100 लोगों को गार्ड का काम मिल सकेगा। इस तरह 23 हजार से अधिक रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मंडल स्तर पर ऋण वितरण मेगा कैंपों को भी मंजूरी। राज्य स्तरीय बैंकस समिति की बैठक में महानिदेशक संस्थागत वित्त ने मुद्रा योजना व ओडीओपी योजना के क्रियान्वयन के लिए मंडल स्तर पर मेगा कैंप के आयोजन का प्रस्ताव रखा। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने क्रेडिट आउटरीज प्रोग्राम के अंतर्गत एक दिसंबर से मंडलीय स्तरीय कैंपों के आयोजन संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। उन्होंने बैंकों को इन मेगा कैंपों का आयोजन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। मंत्री ने जनधन खाता धारकों के पास रूपे कार्ड की उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहाकि जिन जनधन खाताधारकों के पास रूपे कार्ड नहीं है, उन्हें अभियान चलाकर उपलब्ध कराया जाए। उन्हें डिजिटल पेमेंट के लिए प्रेरित भी किया जाए। एटीएम पर सुरक्षा गार्डों की तैनाती सुनिश्चित करें बैंक। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में महानिदेशक संस्थागत वित्त शिव सिंह यादव ने एटीएम से गार्डों को हटाए जाने का मामला भी उठाया। यादव ने बताया कि प्रत्येक एटीएम पर तीन पालियों में एक–एक गार्ड की ड्यूटी होती है। कोविड काल में बैंकों ने एटीएम से गार्ड हटा दिए। इससे करीब 60 हजार गार्डों के सामने रोजगार का संकट आ गया। इसका असर ये हुआ कि एटीएम की सुरक्षा में स्थानीय पुलिस को लगाना पड़ता है। यादव ने बताया कि समिति से एटीएम में प्रशिक्षित गार्डों की तैनाती सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया। इससे न सिर्फ एटीएम की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी बल्कि अनपढ़ व कम टेक्नोसेवी लोगों को डिजिटल पेमेंट के लिए मदद भी दी जा सकेगी। दूसरा, करीब 60 हजार लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हा सकेंगे। इसके अलावा खराब एटीएम 24 घंटे में ठीक कराने की व कैश खत्म होते ही उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। महानिदेशक ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने इस संबंध में बैंकों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। खन्ना ने नई बैंक शाखाएं व एटीएम की मंजूरी पर पीएम का जताया आभार। राज्य स्तरीय बैंकस समिति की बैठक के बाद केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराडे ने प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। यहां बैठक में लिए गए निर्णयों को साझा किया। खन्ना ने प्रदेश में नई बैंक शाखाओं व एटीएम मशीनों की स्थापना के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति धन्यवाद दिया। खन्ना ने कहा कि प्रदेश में नई ब्रांच और एटीएम के खुलने से बैंकिंग सिस्टम मजबूत होगा। इसके अलावा आर्थिक गतिविधियों में विस्तार व रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## जिनका नाम सूची में नहीं है 30 नवम्बर के अन्दर बने मतदाता – जिलाधिकारी जौनपुर

जौनपुर सू.वि. : भारत निर्वाचन आयोग के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के प्रचार प्रसार हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन जौनपुर द्वारा लोगों को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता बनाने के लिए जागरूक व प्रेरित किये जाने के लिए कुत्तुपुर तिराहा से सिद्दीकपुर खेल स्टेडियम तक रन फॉर वोटर मतदाता जागरूकता मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने रन फॉर वोटर का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमें भारी संख्या में युवा, खिलाड़ियों, छात्र व छात्राओं ने जोश के साथ भाग लिया। उप जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार ने अतिथियों को कैप लगाकर व रन फॉर वोटर जागरूकता बैच लगा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चल रहा है इसीलिए रन फॉर वोट का आयोजन लोगों को मतदाता बनने हेतु जागरूक करने के लिए किया गया है। जिससे मतदाता अपने मत के प्रति सजग होते हुए अपने वोट के अधिकार को समझ सके। जिलाधिकारी ने अपील किया कि प्रत्येक छात्र–छात्रा व युवा जो 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष के हो रहे है व जिनका नाम मतदाता सूची में पंजीकरण नही हुआ है वे अपने बी एल ओ से सम्पर्क कर आवेदन करें या भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फार्म 6 भरकर आन लाइन आवेदन कर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराये। वोटर पंजीकरण कार्य 30 नवंबर तक ही चलेगा। उन्होंने



18–19 वर्ष आयु के युवा और महिलाओं से विशेषकर मतदाता बनने की अपील किया तथा अधिकारियों कालेज के प्राचार्य प्रधानाचार्य से अनुरोध किया कि इन्हें वोटर बनाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम करें। सिद्दीकपुर स्टेडियम में विजेताओं को लायन्स क्लब जौनपुर द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें गुलालपुर के अवधेश पाल प्रथम, समदहा के आलोक बिन्द द्वितीय, जमीन पकड़ी के नागेश प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। बालिकाओं को अलग से सम्मानित किया गया। जिसमें शददोपुर बक्शा की सपना यादव प्रथम, सिधाई शाहगंज की सोनम यादव द्वितीय व कऊली बक्शा की अर्चना यादव तृतीय स्थान पर रही। अन्त में आभार लायन्स क्लब अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता ने व्यक्त किया। संचालन सुजीत विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, डा मदन मोहन वर्मा, डा योगेश प्रताप सिंह प्रभारी चिकित्साधिकारी करंजाकला, जीहशम मुफ्ती, सत्य लाल यादव, थानाध्यक्ष सराय ख्वाजा, चौकी प्रभारी पूर्वांचल विश्वविद्यालय सहित रास्ते भर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्व लोकबंधु जयप्रकाश राजनारायण के 104वी जंयती पर गोष्ठी आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्व लोकबंधु जयप्रकाश राजनारायण के 104 वी जंयती के अवसर पर गोष्ठी आयोजित किया गया गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव कहा राजनरायण का संघर्ष तो ऐतिहासिक है आजाद भारत में बंधुत्व और सदभाव की खातिर कम लोग ने जीवन में इतनी प्रताड़ना सही होगी जो राजनीति के फक्कड़ नेता थें वह राममोहन लोहिया के साथ सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापकों मे थें हर किसी के लिए उपलब्ध और हर किसी के मददगार हालांकि बाद के बरसों में उन्हीं के सियासी साथियों ने उनके दूरी बना ली और उन्हें भारतीय राजनीति का विदूषक भी कहा जाने लगा 60 के दशक के खत्म होते होते इंदिरा गांधी मजबूत प्रधानमंत्री बन चुकी थीं ऐसे में राजनरायण ना केवल उनसें भिडे बल्कि विपक्ष को एक करने की जमीन भी बनाई अगर वह इंदिरा को मुकदमे में टक्कर नहीं देते तो ना जयप्रकाश नारायण संपूर्ण कांति का आंदोलन कर पाते ना आपातकाल लगता और ना 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ता समाजवादी सरकार ने जौनपुर मे लोक बंधु जयप्रकाश नारायण के नाम पर सद्भावना पुल बना कर



यह साबित कर दिया समाजवादी पार्टी ही ऐसे महान शख्सियत का सम्मान करना जानती हैं। संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया जंयती के अवसर पर मुख्य रूप विरेंद्र प्रताप सिंह, यशवंता यादव,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी श्रवण जयसवाल,दीपचंद राम,पूनम मौर्या रुक्सार अहमद, अनवारुल हक,राजेश यादव रेयाज आलम, निजामुद्दीन अंसारी, रमेश साहनी,शाजिद अलीम, भानू प्रताप मौर्या, मजहब आसिफ राजा समाजवादी हफीज शाह,मालती निषाद, हर्षित यादव,सोनी यादव सीमा खाँ, आशीफ शाह आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीयू के विद्यार्थियों ने जेल में जाकर कैदियों से की मुलाकात : विद्यार्थियों की टीम को कुलसचिव ने किया रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र और मिशन शक्ति की ओर से मंगलवार को विद्यार्थियों की एक टीम डा. जाह्नवी श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला कारागार पहुंचीं। विश्वविद्यालय परिसर में कुलसचिव ध्महेंद्र कुमार, उपकुलसचिव विजय मौर्य और कुलपति के ओएसडी डॉ.के.एस. तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कारागार में विद्यार्थियों ने कैदियों से बातचीत की। वह कैसे और किस अपराध में जेल में बंद है? अपराध के पूर्व उनके मन में क्या भावना थी ? अब वह कैसा महसूस कर रहे हैं? विद्यार्थियों का उनसे मिलने का मकसद उनके मन में बदलाव लाना है। यह योजना विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल माननीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर किया जा रहा है। महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने महिला कैदियों की काउंसलिंग की और उन्हें तनाव मुक्त होने के टिप्स दिए। जौनपुर जिला कारागार में 56 विचाराधीन कैदियों और तीन सजायाफ्ता



कैदियों की काउंसलिंग की गई। जेल में खानपान और रहने की व्यवस्था का विवरण भी पूछा गया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. एसपी तिवारी, डॉ विनय वर्मा, डॉ. पूजा सक्सेना, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ रेखा पाल, सोनम झा आदि उपस्थित थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बालीवुड अभिनेत्री नीलम पाण्डेय ने चौकिया धाम में टेका मत्था

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : शहर से सटे शक्तिपीठ शीतला चौकिया धाम में दर्शन–पूजन करने पहुंची बालीवुड अभिनेत्री नीलम पाण्डेय व अभिनेता चन्दन सेठ का क्षेत्रिय भोजपुरी कलाकार आशीष माली के नेतृत्व में जोरदार स्वागत हुआ।नीलम पाण्डेय ने प्रेसवार्ता



में बाताया कि वो मुम्बई से यहां भोजपुरी फिल्म तरकीब के शुटींग के लिए आयी है।जौनपुर जिले के त्रिलोचन महादेव निवासी भोजपुरी अभिनेता चन्दन सेठ के साथ चौकिया धाम में देर रात माँ शीतला का दर्शन–पूजन कर मत्था टेका।उन्होने बताया इसके पहले भी वो चौकिया धाम में अपनी फिल्म करूआ बाबा के एक गाने की शुटींग कर चुकी हैं।उन्होने बताया जौनपुर जब भी आना होता है तो माँ शीतला का दर्शन जरूर करती हूं।ज्ञात हो कि नीलम उत्तर प्रदेश के जिला वाराणसी के एक ब्राम्हण परिवार से है जो 20 वर्षो से मुम्बई में रहती हैं।इनकी प्रमुख हिन्दी फिल्मे–अटेक ऑफ 26/11,अग्ली, रंगदारी, मुम्बई टाइगर,हसीना,नजदिकियां,मिशन शिमला,हंसा एक संयोग,काशी,मुकाम,बंजारा प्रमुख हैं।आने वाली हिन्दी फिल्में–सफाईबाज,हर पल पागलपन,कम ऑन यार हैं।प्रमुख भोजपुरी फिल्में–पटना से पाकिस्तान, छपरा एक्सप्रेस, बाजीगर, सपेरा, हीरो गमछावाला, बंधन, प्रेमलीला, जंग सियासत की, गजब का प्यार, इच्छाधारी, होगी प्यार की जीत, दीवानापन, साजन चले ससुराल पार्ट 2, गाँव के लाल, राजा राजकुमार, सहित सौ से ज्यादा हिन्दी व भोजपुरी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी है। आने वाली प्रमुख भोजपुरी फिल्में–राजा डोली लेके आजा,जान लेबु का,करूआ बाबा समेत दर्जनभर फिल्में प्रर्दशन को तैयार हैं।अभिनेता चन्दन सेठ ने बताया उनकी बनने वाली भोजपुर फिल्म रंगीला बनारस में माँ की अहम भुमिका में दिखाई देंगी नीलम पाण्डेय।कलाकार आशीष माली ने कलाकारों को चुनरी व मां की स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के विरुद्ध देश द्रोह का वाद दर्ज

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता विकास तिवारी के प्रार्थना पत्र अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय जौनपुर ने फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के विरुद्ध देश द्रोह का मामला प्रकीर्ण वाद के रूप में दर्ज किया है।तथा मामले में अग्रिम सुनवाई के लिए 29 नवम्बर की तिथि नियत की हैं।परिवादी विकास तिवारी की तरफ से अधिवक्ता द्वय अवधेश कुमार तिवारी व अवनीश कुमार चतुर्वेदी ने पक्ष रखा। विकास तिवारी ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराया है कि पद्मश्री सम्मान से सम्मानित एक फिल्म अभिनेत्री द्वारा यह कहना की "अब तक शरीर में खून तो बह रहा था लेकिन वो हिंदुस्तान खून नहीं था और जो भारत को आजादी मिली थी वो भीख में मिली आजादी थी,असली आजादी वर्ष 2014 में मिली हैं।और पुनः भारतीय समाज में राष्ट्रपिता की उपाधि से सुशोभित महामानव स्व. महात्मा गांधी को सत्ता का भूखा व लालची कहकर देश में अराजकता का माहौल पैदा करके देश द्रोह जैसा गम्भीर अपराध किया है। इसलिए देश व समाज के हित में कंगना रनौत को तलब कर दण्डित किया जाना चाहिए। परिवादी मुकदमा विकास तिवारी के पक्ष को रखते हुए अधिवक्ता द्वय अवधेश कुमार तिवारी व अवनीश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(क) में भारत के प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य की व्याख्या की गई है,भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 (क) में यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को भारत के सभी लोग अपने हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें तथा भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्य रखें।भारत के सभी लोगों में समरसता और समान मातृत्व की भावना का निर्माण करें तथा हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझे,लेकिन कंगना रनौत द्वारा टाइम्स नाउ नामक राष्ट्रीय चौनल के एक साक्षात्कार कार्यक्रम में वर्ष 1947 में मिली आजादी को भीख में मिली आजादी बता कर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(क) का उल्लंघन किया है जो एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। वर्ष 1947 ई. में भारत देश को मिली आजादी को भीख में मिली आजादी बताना राष्ट्र व उसके नायको का अपमान हैं तथा हमारे संविधान का अपमान है,पद्मश्री सम्मान से सम्मानित भारत देश का यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की बयानी करता है तो वह राष्ट्र द्रोह की श्रेणी में आता है। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत पद्मश्री सम्मान से सम्मानित होने के बाद देश की एक आइकन बन गई हैं लेकिन कंगना रनौत ने विधि द्वारा दिए गए निदेश के ढंग के बारे में जिस तरह का आचरण करना था उसकी अवज्ञा इस आशय से किया कि देश की आजादी के लिए कुर्बानियां देने वाले अपमानित हो समाज में उत्तेजना तथा उन्माद को बढ़ावा मिले।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

भूल होना प्रकृति है, मान लेना संस्कृति है, सुधार लेना प्रगति है–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# वायु प्रदूषण : धुंध में शासन और बेदम लोग

खराब वायु गुणवत्ता के दुष्प्रभाव होते हैं। सितंबर 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने खुलासा किया कि वायु प्रदूषण दुनिया भर में 70 लाख से अधिक असामयिक मौतों का कारण था। इनमें से करीब 25 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी–2019 के अनुमानों के अनुसार, वायु प्रदूषण भारत में 17 लाख से अधिक मौतों का कारण है–यानी एक घंटे में 1,900 से अधिक मौतें।

दो भारत हैं! एक वह जो वायु प्रदूषण के खत्म होने का अंतहीन इंतजार कर रहा है और दूसरा वह, जो इस मुद्दे को हल करने में हमेशा से लगा रहा है और इसकी शर्मनाक बढ़ोतरी पर पनप रहा है। शासन द्वारा कामकाज का परित्याग अब सरकारों की रणनीति का हिस्सा है। अप्रत्याशित रूप से बुधवार को देश के प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि 'नौकरशाही जड़ता में चली गई है' और अदालतों के निर्देश की प्रतीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास पहले खुद को त्रासदी और फिर तमाशे के रूप में दोहराता है। वायु प्रदूषण की कहानी केवल प्रणालीगत विफलताओं की झांकी है।

वर्ष 2000 में सरकार ने संसद में स्वीकार किया था कि 'महानगरों में वायु प्रदूषण आर्थिक गतिविधियों, शहरीकरण और औद्योगिकीकरण में वृद्धि को प्रदर्शित करता है।' वर्ष 2008 में, सरकार ने संसद को सूचित किया कि केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा वायुमंडलीय वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाती है और उपायों की प्रभावकारिता निर्धारित करने के लिए आंकड़े प्रसारित किए जाते हैं।

आपको लगता होगा कि शुरुआती चेतावनियां और निगरानी मायने रखती हैं। लेकिन वर्ष 2015 में जाकर 'वायु आपातकाल' शब्द प्रचलन में आया। दिसंबर, 2015 में प्रकाश जावड़ेकर ने कृषि अपशिष्ट (पराली) निपटान, कचरा जलाने, लैंडफिल, निर्माण, परिवहन उत्सर्जन आदि से पार्टिकुलेट सामग्री के उत्सर्जन और घातक स्तर, दोनों उत्पन्न करने वाले कारकों से निपटने के लिए वायु अधिनियम की धारा 18 के तहत 39 कदमों की घोषणा की।

यह योजना कैसी रही? इसका उत्तर है, निगरानी और कार्यान्वयन, दोनों ही उपाय पूरी तरह सफल नहीं हुए। वर्ष 2017 में स्कूल बंद करने पड़े, विदेशी राजनयिकों ने विरोध किया और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रोक दी गईं। वर्ष 2019 में आपातकालीन उपायों की घोषणा की गई और क्रिकेट खिलाड़ियों ने मास्क पहनकर प्रशिक्षण लिया। वर्ष 2021 में एक ग्रेडेड रेस्पॉन्स ऐक्शन प्लान लागू है, फिर भी आपात स्थिति है।

दो दशक बाद ऐसा लगता है कि कुछ नहीं बदला है। और एक बार फिर दो भारत हैं। एक दिल्ली है, जिस पर राष्ट्रीय राजनेता ध्यान देते हैं और दूसरा शेष भारत है, जो चुपचाप पीड़ित है। दिल्ली का खास भूगोल स्पष्ट रूप से एक राष्ट्रीय समस्या की भयावहता को उजागर करता है।

अगस्त, 2021 में सरकार ने 1,114 निगरानी केंद्रों का आंकड़ा संसद में साझा किया, जो बताता है कि 132 शहर पीएम (पार्टिकुलेट मैटर) के स्तर के मामले में राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक पर खरा नहीं उतरते। इनमें से 17 शहर उत्तर प्रदेश के हैं और 23 महाराष्ट्र के। दिल्ली, कानपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अमृतसर, लुधियाना, आगरा जैसे 50 से अधिक शहरों ने 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ऊपर पीएम स्तर की सूचना दी, जो कि 31 माइक्रोग्रामध्एम3 के स्वीकार्य मानक से तीन गुना अधिक है। रविवार को उत्तर प्रदेश के 37 से अधिक शहरों में पीएम 10 का स्तर 100 से अधिक दर्ज किया गया, जो कि पीएम के सामान्य स्तर का तीन गुना है।

खराब वायु गुणवत्ता के दुष्प्रभाव होते हैं। सितंबर 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने खुलासा किया कि वायु प्रदूषण दुनिया भर में 70 लाख से अधिक असामयिक मौतों का कारण था। इनमें से करीब 25 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी–2019 के अनुमानों के अनुसार, वायु प्रदूषण भारत में 17 लाख से अधिक मौतों का कारण है–यानी एक घंटे में 1,900 से अधिक मौतें।

वर्ष 1998 के बाद से पेश किए गए सबूतों के बावजूद एक के बाद एक आने वाली सरकार ने प्रदूषण और मौतों के संबंध को नकारने का काम किया है। जैसा कि अगस्त, 2021 में संसद में फिर बताया गया कि 'खासकर वायु प्रदूषण से होने वाली मृत्यु/बीमारी का सीधा संबंध स्थापित करने के लिए देश में कोई निर्णायक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।'

हवा की गुणवत्ता जमीनी स्तर पर नीतियों के फासले को दर्शाती है। अनिवार्य रूप से, यह सभी क्षेत्रों में नीतियों और क्षमता निर्माण को साथ लाने का आह्वान करता है, ताकि गैसों के उत्सर्जन और पर्टिकुलेट मैटर के उत्पादन, दोनों को कम किया जा सके। मसलन, पराली निपटान कृषि उपज को प्रभावित करता है, पर किसानों को विकल्पों की आवश्यकता होती है। बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज बनाने (पराली को दूसरे क्षेत्र की उत्पादन गतिविधियों में उपयोग) के लिए स्टार्ट–अप इको सिस्टम का लाभ क्यों नहीं उठाया जाता?

शहरीकरण (निर्माण के गंदे परिदृश्य से लेकर आवागमन की निरंकुशता तक) वायु प्रदूषण का एक स्पष्ट कारण है। क्या हर भारतीय को घंटों जाम में फंसने के लिए मजबूर होना चाहिए? व्यक्तिगत परिवहन की आवश्यकता जन परिवहन प्रणालियों की कमी के कारण होती है। अब कोमा में चले गए 'स्मार्ट सिटीज' पहल को फिर से आकार देने पर इसका समाधान निकल सकता है।

कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों पर शहरों की निर्भरता भी एक मुद्दा है। यदि संयंत्रों को बंद करना है, तो इनका विकल्प लाने की जरूरत है। अब जब भारत नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, तो रूफटॉप सोलर को क्यों न प्रेरित करें, मेगावाट के बजाय प्रति/किलोवाट के संदर्भ में सोचें और घरों और शहरी वाणिज्यिक स्थानों के लिए ऑफ–ग्रिड समाधानों को प्रोत्साहित करें।

खराब वायु गुणवत्ता का नतीजा व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। इसका अर्थव्यवस्था की सेहत पर असर पड़ता है, नतीजतन संभावित विकास भी प्रभावित होता है। ब्रिटेन स्थित गैर–लाभकारी स्वच्छ वायु कोष, प्रबंधन फर्म डालबर्ग एडवाइजर्स और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक अध्ययन का अनुमान है कि वायु प्रदूषण के प्रभाव से अर्थव्यवस्था को सकल घरेलू उत्पाद के तीन प्रतिशत या लगभग सात लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होता है।

ऐसा नहीं है कि समस्या नई है या समाधान पता नहीं। सफलता के लिए स्पष्ट राजनीतिक इच्छाशक्ति वाला चौंपियन चाहिए, जो स्वच्छ हवा के लिए संघर्ष करे। पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट से कहा गया था कि बारिश से हवा साफ हो सकती है। स्वच्छ हवा और अच्छे स्वास्थ्य का सार्वजनिक अधिकार मौसम की दया या वरुण देव की प्रार्थना पर नहीं छोड़ा जा सकता।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सदिग्ध परिस्थितियो में युवक की मौत, मृतक के भाई नीरज की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज



सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : थाना बल्दीराय के ग्राम दौलतपुर मजरे हेमनापुर चौकी वलीपुर में 22 नवंबर रात लगभग 8:00 बजे जगनारायण उर्फ जग्गा कोरी की पत्नी विद्यावती जो हेमनापुर ग्राम सभा की कोटेदार हैं का प्रेम ।।प्रसग सूरज ग्राम मदरहवा थाना कोतवाली बीकापुर जिला अयोध्या से चल रहा था।जिससे मिलने के लिए अपनी प्रेमिका विद्यावती के घर पर मिलने के लिए आया हुआ था।और साथ में चलने के लिए कहने लगा। जो जग् नरायन उर्फ जग्गा की पत्नी ने साथ जाने से साफ इनकार कर दिया जिससे दोनों में बाद विवाद व मारपीट होने लगी जग्गा की पत्नी विद्यावती की माने तो सूरज शराब के नशे में था और 12 बोर के कट्टे से खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मृत्यु हो गई जग्गा की पत्नी की माने तो सूरज से उसका 2 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था जग्गा के घर पर ना रहने पर सूरज अक्सर आता जाता रहा जग्गा के ऊपर भी कई अपराधिक मुकदमे चल रहे हैं सूत्रों के अनुसार जग्गा इस समय कहीं बाहर शहर में रहता है सूरज की प्रेम प्रसंग में हुई मृत्यु हत्या है या आत्महत्या इसका खुलासा तो पुलिस ही करेगी।

## प्रदेश के गन्ना कृषकों के हित में विगत 04 वर्षों में प्रदेश की चीनी मिलों में नई परियोजनाओं पर लगभग रू. 3,333 करोड़ का निवेश

जौनपुर सू.वि. : गन्ना अधिकारी ने अवगत कराया है कि प्रदेश में गन्ने की खेती एक नगदी फसल के रूप में प्रचलित है और राज्य के लगभग 45 लाख गन्ना कृषकों एवं उनके परिवारीजनों तथा इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार में लगे कामगारों की आजीविका का प्रमुख संसाधन है। गन्ना फसल एवं चीनी मिलें प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उक्त के दृष्टिगत राज्य सरकार चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के माध्यम से गन्ना कृषकों की आय दोगुनी करने एवं गन्ना विकास तथा गन्ना आपूर्ति को सुगम बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि विगत चार वर्षों में प्रदेष सरकार द्वारा गन्ना किसानों के हित में चीनी मिलों के साथ–साथ गन्ना आपूर्ति हेतु अन्य वैकल्पिक साधनों को विकसित किये जाने एवं ग्रामीण क्षेत्र में लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास तथा स्थानीय रोजगार सृजन के दृष्टिगत खाण्डसारी इकाइयों की स्थापना से जुड़े नियमों को सरलीकृत किया गया, जिसके फलस्वरूप खाण्डसारी इकाईयों के 275 नवीन लाइसेंस निर्गत किये गये। इन परियोजनाओं पर कुल रू.1,161.20 करोड़ का निवेश होने का अनुमान है। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि पूर्वांचल क्षेत्र में किसानों को पुनः गन्ना खेती हेतु प्रेरित कर आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए तथा उ.प्र. राज्य चीनी निगम के अधीन बंद चीनी मिलों के संचालन का निर्णय लेते हुए मुण्डेरवा एवं पिपराईच में 5,000 टी.सी.डी. क्षमता की नई चीनी मिलें एवं सल्फरलेस शुगर उत्पादन का संयंत्र स्थापित कर संचालित की गई इसके साथ ही 27 मेगावाट का नया कोजन प्लाण्ट भी लगाया गया। इन परियोजनाओं पर कुल रू.873.30 करोड़ का निवेश किया गया। निगम क्षेत्र की मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल की पेराई क्षमता 2,500 से बढ़ाकर 3,500टी.सी.डी. की गई तथा 15 मेगावाट का कोजन लगाया गया, जिसपर रू.165 करोड़ का निवेश किया गया। सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल रमाला की पेराई क्षमता को बढ़ाते हुए 5,000 टी.सी.डी. का नया प्लाण्ट स्थापित किया गया तथा 06 चीनी मिलों यथा सरसांवा, अनूपशहर, सम्पूर्णानगर, बेलरायां, पुवांया एवं नानपारामें तकनीकी अपग्रेडेशन एवं 06 आसवनियों यथा ननौता, सम्पूर्णनगर, अनूपशहर, कायमगंज, नानपारा एवं घोसी में जेड.एल.डी. प्लाण्ट की स्थापना कर आसवनियों को दोबारा संचालित किया गया। 02 चीनी मिलों नजीबाबाद एवं सठियांव में नये आसवनी प्लाण्ट स्थापित किये गये।इन परियोजनाओं पर कुल रू.647.25 करोड़ का निवेश किया गया। पिपराईच एवं मुण्डेरवा नई चीनी मिलों की स्थापना, पूर्वांचल क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा, वहीं मोहिउद्दीनपुर एवं रमाला चीनी मिलों के क्षमता विस्तार से पश्चिमी उ.प्र. के गन्ना कृषकों को अपने गन्ने की आपूर्ति करने में सुगमता होगी जो क्षेत्र की उन्नति में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त 11 निजी चीनी मिलों में गन्ने की उपलब्धता को देखते हुए गन्ना आपूर्ति को सुगम बनाने हेतु इन चीनी मिलों की 20,600 टी.सी.डी. पेराई क्षमता बढ़ायी गई है तथा इन पर लगभग रू.515 करोड़ का निवेश हुआ है। निगम, सहकारी एवं निजी क्षेत्र में उपरोक्तानुसार किये गये पूंजी निवेश से प्रदेश के गन्ना किसानों की समृद्धि, स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन एवं चीनी मिलों की कार्य दक्षता बढ़ेगी तथाग्रामीण क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होने के फलस्वरूप प्रदेश के आर्थिक विकास को गति प्राप्त होगी। प्रदेश सरकार द्वारा चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास के क्षेत्र में किसानों के हित में किये गये निवेश के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, श्री संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि गन्ना आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रखने, लघु ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने एवं गन्ना आपूर्ति हेतु एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में वर्ष 2018–19 में विभाग द्वारा नई खाण्डसारी नीति लागू करते हुए ऑनलाइन लाइसेन्सिंग की व्यवस्था की गई। इस व्यवस्था के तहत अब तक 275 नवीन लाइसेन्स (पेराई क्षमता 69,450 टी.सी.डी.) निर्गत किये जा चुके है, जिनकी स्थापना से रू.1,161.20 करोड़ का निवेश ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित है। उक्त के सापेक्ष अब तक 176 इकाईयों (पेराई क्षमता 43,802 टी.सी.डी.) का संचालन शुरू हो चुका है, जिनके अधीन रू.388 करोड़ का निवेश हो चुका है। उन्होंने बताया कि किसानों की गन्ना आपूर्ति समस्या के दृष्टिगत सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल रमाला–बागपत की पेराई क्षमता 2,750 टी.सी.डी. से बढ़ाकर 5,000 टी.सी.डी. की गई तथा 27 मेगावाट का नया कोजन प्लाण्ट स्थापित किया गया, जिस पर कुल रू.309.46 करोड़ का निवेश किया गया। ऊर्जा उत्पादन से प्रदेश की ऊर्जा समस्या का हल होगा। चीनी मिल की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार, जिससे गन्ना मूल्य भुगतान में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि सहकारी क्षेत्र की स्नेहरोड–बिजनौर चीनी मिल में 40 के.एल.पी.डी. क्षमता की नई आसवनी स्थापित की गई जिस पर कुल रू.51.37 करोड़ का निवेश किया गया है। सहकारी क्षेत्र की सठियांव–आजमगढ़ चीनी मिल में 30के.एल.पी.डी. क्षमता की नई आसवनी स्थापित की गई जिस पर कुल रू.56.41 करोड़ का निवेश किया गया है। इससे दोनों चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार तथा गन्ना मूल्य भुगतान में सुगमता होगी और अतिरिक्त रोजगार का सृजन भी होगा। एथनॉल उत्पादन में वृद्धि से पेट्रोलियम ईंधान की समस्या का समाधान होगा एवं पर्यावरण प्रदूषण में भी कमी आयेगी। सहकारी क्षेत्र की सरसांवा, अनूपशहर, सम्पूर्णानगर, बेलरायां, पुवांया एवं नानपारा की कार्यक्षमता में सुधार हेतु तकनीकी अपग्रेडेशन किये गये, जिस पर कुल रू.68.71 करोड़ का निवेश किया गया है। आधुनिकीकरण के उपरान्त इन चीनी मिलों में स्टीम की खपत कम होगी तथा ऊर्जा एवं बगास की बचत होगी। मिलों के संचालन के दौरान ब्रेकडाउन कम होंगे तथा चीनी की गुणवत्ता में सुधार होगा। सहकारी क्षेत्र की ननौता, सम्पूर्णानगर, अनूपशहर, कायमगंज, नानपारा एवं घोसी में पर्यावरण संरक्षण हेतु बायो–कम्पोस्ट आधारित जेड.एल.डी. संयंत्र स्थापित किये गये, जिस पर कुल रू.161.30 करोड़ का निवेश किया गया है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सहकारी एवं निगम क्षेत्र के अतिरिक्त निजी क्षेत्र की 11 चीनी मिलों द्वारा यथा–शामली–1,500 टी.सी.डी., ऊन–2,000 टी.सी.डी., बिलारी–2,000 टी.सी.डी., हरियांवा–5,000 टी.सी.डी., निगोही–1,500 टी.सी.डी., अगवानपुर–2,000 टी.सी.डी., टिकौला–1,200 टी.सी.डी., वीनस–500 टी.सी.डी., बिसवां–1,000 टी.सी.डी., करीमगंज–2,000 टी.सी.डी. एवं मोतीनगर–1,500 टी.सी.डी. कुल–20,600 टी.सी.डी. पेराई क्षमता बढ़ाई गई। उक्त अतिरिक्त पेराई क्षमता के सृजन पर प्रति टी.सी.डी. रू.2.50 लाख निवेश के आधार पर लगभग रू.515 करोड़ का अतिरिक्त निवेश किये जाने का अनुमान है। जिससे इन मिल क्षेत्रों के गन्ना किसान लाभन्वित होंगे। इस प्रकार चीनी उद्योग एवं खाण्डसारी से जुड़ी उपर्युक्त परियोजनाओं पर विगत 04 वर्षों में लगभग कुल रू.3,333 करोड़ का निवेश किया गया है। जिनसे प्रदेष के गन्ना उत्पादक कृषकों को अपनी गन्ना फसल के विक्रय में सुगमता आयेगी।

## चुनाव में जुटें कार्यकर्ता : 2007 की तरह चुनाव परिणाम देंगे – मायावती

लखनऊ ब्यूरो : बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ में प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि चुनाव की तैयारी में जुटें। बसपा 2007 के चुनाव की तरह 2022 में भी परिणाम देगी। उन्होंने कहा कि हमने 2007 से 2012 के दौरान सत्ता में रहते हुए जो विकास के कार्य किए। उनका प्रचार करके ही जनता से समर्थन मांगेंगे। मायावती ने कहा कि उन्होंने कांशीराम की पुण्यतिथि पर पार्टी पदाधिकारियों से कहा था कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ कमेटियों की समीक्षा करें। इसी के मद्देनजर आज सभी विधानसभा अध्यक्षों को बुलाया गया है । सभी सुरक्षित 84 सीटों के विधानसभा अध्यक्षों को बुलाकर उन्हें चुनावी मैदान में जुट जाने को कहा गया है। मायावती ने कहा कि वे सभी अपने क्षेत्र में उसी तरह से तैयारी करेंगे जिस तरह वर्ष 2007 में की थी। उन्होंने कहा कि वह इन सभी सीटों पर तैयारियों की खुद समीक्षा करेंगी साथ ही पार्टी के महासचिव सतीश मिश्रा को भी यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह इन सभी सीटों पर ब्राह्मणों को जोड़ने के लिए समीक्षा करें और एक नया समीकरण तैयार करें। मायावती ने कहा कि अपनी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए एक फोल्डर तैयार किया गया है जिसे कार्यकर्ता गांव–गांव तक पहुंचाएंगे। एक नई रणनीति तैयार करने को भी कहा गया है। मायावती ने कहा कि उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों को सपा और भाजपा अपना बताती रही हैं । ऐसे में लोगों तक यह जानकारी पहुंचाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कृषि कानूनों की वापसी पर कहा कि अब केंद्र सरकार को इस मामले को ज्यादा नहीं लटकाना चाहिए। किसानों के अन्य जो भी मसले हैं उनकी जो भी जायज मांगे हैं उनको मान लेना चाहिए ताकि किसान खुशी–खुशी अपने घरों को लौट सकें।

## भ्रष्टाचार के आरोपी कुलपति का फरमानः मेरी अनुमति के बिना किसी एजेंसी या थर्ड पार्टी को नहीं दी जाएगी ऑफिसियल फाइल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भ्रष्टाचार के आरोपों में जांच का सामना कर रहे मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने फरमान जारी किया है कि बिना उनकी अनुमति के कोई भी ऑफिशियल फाइल किसी भी एजेंसी या थर्ड पार्टी को नहीं दी जाएगी। अजब यह है कि यह आदेश उन्होंने गोरखपुर में अपने आवास समेत अन्य ठिकानों पर पड़े एसवीयू (स्पेशल विजिलेंस यूनिट) के छापे के बाद ठीक दूसरे दिन जारी किया है। भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी द्वारा इस तरह का आदेश जारी करने का संभवतः यह पहला मामला हो। वह भी आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा दर्ज होने और छापे की कार्रवाई के बाद। एसवीयू राज्य सरकार की एजेंसी है और ऐसे किसी मुकदमे में आरोपी लोक सेवक के खिलाफ जरूरी सुबूत जुटाने के लिए जरूरी दस्तावेज कहीं से भी हासिल करने का अधिकार है। लेकिन, इस पत्र के मुताबिक विवि के अधिकारियों ने दस्तावेज देने से हाथ खड़े किए तो एसवीयू को आरोपी से जुड़ी फाइलों को हासिल करने के लिए उसकी ही अनुमति लेनी जैसी हास्यास्पद स्थिति पैदा हो जाएगी। इस अजीबोगरीब मामले में कुलपति ने मगध विश्वविद्यालय के प्रो. वीसी, रजिस्ट्रार, वित्तीय सलाहकार, वित्त पदाधिकारी और कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन को पत्र लिख कर यह आदेश दिया है। कुलपति ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि किसी भी एजेंसी को लिखित आग्रह और उनकी पूर्वानुमति के बाद ही कोई दस्तावेज दिया जा सकता है। इतना ही नहीं कुछ मामलों में तो दस्तावेज सौंपने के लिए बिहार के कुलाधिपति की अनुमति अनिवार्य होगी। दस्तावेजों की कॉपी अगर दी भी जाएगी तो उसकी मूल प्रति नहीं दी जाएगी। कुलपति ने अपने पत्र में विश्वविद्यालय के अधिकारियों को चेतावनी भी दी है कि इस आदेश का आप सभी को और आपके अधीनस्थों को अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। उल्लंघन हुआ तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली महंगाई हटाओ प्रतिज्ञा पदयात्रा : लोगों को किया जागरुक

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमारःगोला गोरखपुरः गोला विकास खंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में प्रतिज्ञा पदयात्रा निकाल कर वर्तमान भाजपा सरकार के प्रति विरोध जताया। पदयात्रा डाड़ी बाजार से निकलकर डड़वापार तक पहुंच कर एक नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई और महंगाई हटाओ को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। पदयात्रा का नेतृत्व चिलवां न्याय पंचायत अध्यक्ष राम सजीवन मिश्रा और ग्राम सभा अध्यक्ष शशीकांत मिश्रा ने किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सोनिया शुक्ला ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों के निवाले को छिनने पर लगी हुई है। आज खाद्य पदार्थों का सहित आदि का महंगाई आसमान छू रही है। इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। आगामी 2022 के चुनाव में जनता महंगाई का पूरी कोर कसर भाजपा सरकार से निकालेगी और कांग्रेस की सरकार बनाएगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी महेंद्र नाथ मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष गोला प्रमोद कुमार विक्रांत साहनी,




नगर अध्यक्ष सुभाष दास, छेदी प्रसाद, अविनाश तिवारी, मुन्ना मिश्रा, कुसुमलता मोर्य, मोहन सोनकर, रामजी गुप्ता, गुड्डू सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2022 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 01 नवंबर 2021 (सोमवार) से एवं दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 01 नवंबर 2021 से 30 नवंबर 2021 तक, विशेष अभियान तिथि 27 नवंबर (शनिवार) 2021, दावे और आपत्तियों का निस्तारण 20 दिसंबर 2021 तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2022 को किया जाएगा। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि निरंतर पुनरीक्षण अवधि में सम्मिलित/विलोपित/संशोधित किए गए नामों की पूरक सूची की प्रति जिन दलों द्वारा अभी तक प्राप्त नहीं की गई है, जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर लें। बीएलए की सूची बहुजन समाज पार्टी एवं समाजवादी पार्टी द्वारा आठ विधानसभा की प्राप्त कराई गई है, शेष सभी दलों से अपेक्षा की है कि बीएलए की सूची प्राप्त कर ले। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा कि 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु सहयोग करें। जेंडर रेशियो निर्धारित मानक के अनुरूप किए जाने हेतु छूटे हुए महिलाओं के सम्मिलित किए जाने हेतु अपेक्षा की। मतदाता सूची में सम्मिलित मृतक, डबल शिफ्टेड मतदाताओं के नाम विलोपित किए जाने हेतु बीएलए के माध्यम से चिन्हीकरण करा कर एवं फॉर्म–7 भराकर



आवेदन प्रस्तुत कराने में सहयोग की अपेक्षा की। 80 प्लस मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलट से मतदान कराए जाने हेतु टैगिंग हेतु उनके चिन्हीकरण कराकर एवं फॉर्म–7 पर आवेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए जाने में सहयोग करें। वर्षा के कारण ध्वस्त या जर्जर मतदेय स्थलों को आयोग के निर्देशानुसार अन्य भवन में स्थानांतरित कर प्रस्ताव भेजा जाना है। उक्त संबंध में सभी से अपेक्षा कि यदि उनके संज्ञान में ऐसे मत देयस्थल हो तो उसकी सूची दो दिवस के अंदर संबंधित ईआरओ/उप जिलाधिकारी को अवगत करा दें। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मात्र एक विशेष अभियान 27 नवंबर 2021 (शनिवार) को होना है, जिसमें सभी से अनुरोध किया कि छूटे हुए मतदाताओं के नाम सम्मिलित कराने हेतु फॉर्म–6 एवं मृतक, डबल शिफ्ट मतदाताओं के नाम विलोपित किए जाने हेतु फॉर्म–7 के साथ–साथ यदि किसी प्रविष्टि में अशुद्धि हो तो शुद्ध कराने हेतु फॉर्म–8 भरवा सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, प्रभारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ सहायक महमूद अली सहित राजनैतिक दल के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ निर्वाचन कार्यालय में चल रहे एफएलसी कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ निर्वाचन कार्यालय में चल रहे एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि सभी प्रकार की गतिविधियां आयोग के निर्देशानुसार की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि यह कार्य सावधानीपूर्वक अच्छे से सम्पादित किया जाए। सभी कार्य सी.सी.टी.वी.की निगरानी में होने चाहिए। निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपेट के संयोजन को राजनीतिक दल के सदस्यों के सामने इंजीनियरों से कराया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष मिश्रा निर्देश दिया कि निर्वाचन की कार्यालय में शौचालय को तत्काल ठीक कराया जाए। कर्मचारियों के टेबल पर नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों के साथ लगातार बैठके की जा रही है। बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट के




एफएलसी का कार्य पूरा हो चुका है। वीवी पैट की एफएलसी का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी सहित राजनीतिक दल के सदस्य उपस्थित रहे।

# राम नगरी अयोध्या में 27 नवंबर से अयोध्या में फिल्म समारोह का होगा 15वां आयोजन – जनार्दन पाण्डेय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)शहीदों की याद में शुरू हुआ फिल्मों का मेला एक बार फिर धर्म नगरी अयोध्या में सतरंगी सिनेमा के सरोकारों संग सजने जा रहा है।काकोरी एक्शन के महानायकों की याद में आयोजित प्रदेश का पहला फिल्म फेस्टिवल 'अयोध्या फिल्म फेस्टिवल' का 15वां संस्करण आगामी 27 नवंबर से शुरू होने जा रहा है।इस संबंध में जानकारी देते हुये जनार्दन पाण्डेय ने बताया कि राम नगरी अयोध्या के राजकीय प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय इस आयोजन में इस बार भी सिनेमा जगत के दिग्गजों का जमावड़ा होगा।इस वर्ष देश दुनिया के तमाम फिल्मकारों ने अपनी फिल्में प्रदर्शन के लिए भेजी हैं।उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व भर के विभिन्न श्रेणियों में कुल 59 फिल्में नॉमिनेट हुई हैं।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी में देश–विदेश की दिग्गज सिनेमा और साहित्य जगत की हस्तियां शामिल हैं।जिसमें अजरबैजान निवासी चर्चित फिल्म पुरस्कार विजेता लेखक, निर्माता, निर्देशक जलालुद्दीन गसीमोव अल्बानिया निवासी फिल्म निर्देशक, लेखक, व्याख्याता वलमीर टेरटिनि। अभिनेत्री, मॉडल मान्या पाठक चेयरमैन,फेस्टिवल ज्यूरी एवं निर्देशक प्रोफेसर डॉ. मोहन दास शामिल हैं।उनके मुताबिक इस बार 35 अलग–अलग देशों से प्राप्त 182 में से 59 फिल्मों का आधिकारिक तौर पर चयन किया गया है।इन फिल्मों से ही निर्णायक ज्यूरी मंडल द्वारा विभिन्न श्रेणियों में फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा।सिनेमा के सरोकारों से जुड़े लोगों का भी इस दौरान जमावड़ा होगा।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक निदेशक शाह आलम ने बताया कि विविध सांस्कृतिक आयोजनों के साथ चुनिंदा फिल्में प्रदर्शित की जाएगी।जिसमे यूनाइटेड स्टेट, यूनाइटेड किंगडम, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, द नीदरलैंड, मेक्सिको, लिथुआनिया, इटली, जर्मनी, चीन, बुल्गारिया, ब्राजील एवं बेल्जियम



आदि देश है।वही नॉमिनेशन लिस्ट 2021 में फिल्मों की श्रेणी में शामिल फीचर फिल्मो में 4 सम, आर बा, अघोरा, दिवस्वपना, गुठली मुगामुनी, स्टैंड अप, मानवी, सफाईबाज– द स्क्वैनजर माने (द होम), थकावी, बलिफूलः वेलकम टू बस्तर,दस्तावेजी फिल्में में अक्वाबा द अवेकनिंग, मॉक्स ऑन मिशन, उरोमासटिक्स मालिएन्सिस, व्हाट्स योर स्टोरी?म्यूजिक वीडियो में शामिल ए मूरिश गर्ल विथ हर रैटल स्टिक, अंधिमनथंबिल, या खुदा, कैरोसिलः शी डांस, आई बो टू थी ओ मदर, इंडिया कॉलिंग, जगादोधरना, द स्काईज– कम्युनिकेशन पोएम्स बाई टू एम्परर पोएट्स, रोध, वादा है। लघु फिल्में (शॉर्ट्स) में ए डेट विथ मदर, एबंडनमेंट, बहार, फक्त 144, चड्डी बडीज, कलर्सःसैफरॉन, डाइनिंग टेबल, मांस, डजिब्रिल फॉरेस्ट, एक अच्छी नौकरी, एसो सुसोंगवाद एसो, हिंदी अखबार, जस्ट अनदर डे, काला टीका, मनहूस, लेने के देने, मैटी बॉय, नचिकेता, इट्स यू, नमक, नथिंग हैपण्ड, द थ्रेशोल्ड, दिस डे दैट ईयर, टाइमलेस, टोकन न. 100, पॉल 10, जीरो किलोमीटर,एनीमेशन फिल्म्स में अनन्तशायनाम, अर्थम–अनर्थम, कहानियां, मिक्सी, मंकी इंटर्स लंका, द चेयर,वेब सीरीज में शामिल सोफा, बेचारे बैचलर्स, सीधा रास्ता टेढ़ी चाल शामिल है।

# अपर जिला मजिस्ट्रेट ने डीईसी व एलवेण्डाजाल की दवा खाकर किया फाइलेरिया अभियान का शुभारम्भ

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित सिंह,पाथ संस्था के रीजनल नोडल अधिकारी डॉ. अली आतिफ सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से सामूहिक दवा सेवन अभियान में अलबेंडाजोल व डीईसी दवा खाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा , अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ. अंसार अली ,जिला मलेरिया अधिकारी एमए खान , फायलेरिया नियंत्रण अधिकारी डी के श्रीवास्तव व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने फाईलेरिया की एल्बेंडाजोल व डीईसी की दवा खाई।एडीएम ने बताया कि कोविड–19 के दिशा–निर्देशों के अनुसार शारीरिक दूरी (दो गज की दूरी), मास्क और हाथों की साफ–सफाई का अनुपालन करना है।अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित सिंह ने बताया कि यह अभियान सरकार ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के 19 19 जनपदों चलाया जा रहा है। हम सब या संकल्प लेते हैं कि हम फाइलेरिया बीमारी को खत्म करने में अपना सहयोग देंगे।22 नवंबर 2021 से फाइलेरिया रोधी दवा आशा दीदी के निर्देश अनुसार उनके सामने खाएंगे एवं घर के अन्य सदस्यों को और अपने गांव के लोगों को ''हमारा संकल्प फाइलेरिया मुक्त गांव में जाकर प्रेरित । इस अवसर पर एडीएम अमित सिंह ने जन सामान्य से अपील की है कि जनपद 24 लाख लोगों को दवा खिलाई जानी। सभी लोग सहयोग करे एडीएम ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत लिम्फैटिक फाइलेरियासिस के उन्मूलन के लिए आज से 7 दिसम्बर 2021 तक जनपद में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड चलाया जा रहा है । अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर घर जाकर फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाएं लोगों तक अपने सामने खिलाएंगे द्य जिले में हर व्यक्ति को इन दवाइयों का सेवन करना है। केवल 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को यह दवाएं नहीं दी जाएंगी। कोविड–19 के दिशा–निर्देशों के अनुसार शारीरिक दूरी (दो गज की दूरी), मास्क और हाथों की साफ–सफाई का अनुपालन करते हुए । इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया की भूमिका बहुत सशक्त है क्योंकि समुदाय में प्रचार–प्रसार के माध्यम से जागरूकता अत्यंत शीघ्रता से फैलती है। मीडिया के माध्यम से कार्यक्रम के संबंध में लोगों तक उचित और महत्त्वपूर्ण जानकारियां पहुँच सकें, मीडिया के लोगों का संवेदीकरण भी किया गया द्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय राजा ने बताया कि –क्या है लिम्फैटिक फाइलेरियासिस फाइलेरिया नियंत्रण के संबंध में फाइलेरिया, या हाथीपांव, रोग एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या है। यह एक दर्दनाक रोग है जिसके कारण शरीर के अंगों में सूजन आती है, हालांकि इस रोग से आसानी से बचा जा सकता है। यह रोग मच्छर के काटने से ही फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इसका इलाज न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया से जुड़ी विकलांगता जैसे लिंफोइडिमा (पैरों में सूजन) और हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन) के कारण पीड़ित लोगों को अक्सर सामाजिक बोझ सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। एमडीए की दवा से कई लाभ फाइलेरिया से बचाव के साथ एमडीए दवाइयों से कई दूसरे लाभ भी हैं, जैसे यह आंत के कृमि का भी इलाज करती है जिससे खासकर बच्चों के पोषण स्तर में सुधार आता है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलती है। एमडीए के दौरान डब्ल्यूएचओ से अनुशंसित की गई दवाइयां, डाइथेलकार्बामोजाइन साइट्रेट (डीईसी) और अलबेंडाजोल को उन सभी लोगों, फाइलेरिया के संक्रमण से बचाव के लिए उपलब्ध करायी जा रही है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय राजा ,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ.अंसार अली, डब्लूएचओ से एसएमओ डॉ. नीरज सिंह ,डॉ0 सागर , डॉ0 अरविंद श्रीवास्तव, एपिडेमियोलॉजिस्ट, डीपीएम राम प्रकाश पटेल , पीसीआई से नेशनल हेड रनपाल सिंह , प्रतीष नंदा , रीजनल हेड विकास द्विवेदी , जिला मोबलाइजेशन कोर्डिनेटर पुनीत तिवारी, मलेरिया इन्स्पेटर संतोष तिवारी , मलेरिया विभाग से राजेश कुमार , नितिन, अनवर और फाइलेरिया विभाग , डब्लूएचओ , पाथ , संस्था के अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# आवास दिवस पर लाभार्थियों को सौंपी आवास की प्रतीकात्मक चाबी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बेघर गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है उक्त बात आज आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड बीकापुर में आवास दिवस पर पूर्ण आवास लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी उपलब्ध कराते हुए विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने उपस्थित जनसमूह के समक्ष कहा। विकासखंड बीकापुर में खंड विकास अधिकारी नंदनी शाह की उपस्थिति में अमृत महोत्सव के तहत मनाए गए आवास दिवस कार्यक्रम पर ब्लाक प्रमुख श्री वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लोगों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास के अंतर्गत आवास उपलब्ध करा दिया है जो बेघर गरीब परिवार बचे हैं उन्हें जल्द ही आवास दिला दिया जाएगा साथ ही ऐसे परिवार जिनका सूची में नाम नहीं है उनकी सूची विकासखंड के सचिव द्वारा बनाई जा रही है उन्हें भी आने वाले कुछ ही महीनों में आवास की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी अवधेश सिंह ने किया।विकासखंड पर मनाए गए आवास दिवस पर असरेवा के बृजमोहन, सरिता, मजरुद्दीनपुर की सरिता और श्यामकली, कटारी की श्यामपती, रेखा एवं मंजू सहित विकासखंड के विभिन्न गांव से आए दर्जनों की संख्या में आवास के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी ब्लाक प्रमुख श्री वर्मा एवम खंड विकास अधिकारी शाह द्वारा उपलब्ध कराई गई। आवास दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय तिवारी, सहायक विकास अधिकारी संख्या अवनीश शुक्ला सहित सचिव शुभम शुक्ला,अंजू वर्मा,सुरेश वर्मा,अभिमन्यु, जय प्रकाश वर्मा,रवि एवम सराय भनोली के ग्राम प्रधान विजय गौड़, ग्राम प्रधान बासुदेवपुर रामपाल वर्मा, बछरामपुर के प्रधान रामनिरंजन सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## विकास को गति देने में महिलाओं के सशक्तिकरण से अधिक प्रभावी कोई साधन नहीं : आनंद स्वरूप शुक्ला (राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार)

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। उत्तर प्रदेश, 23 नवंबर, 2021: "जब एक महिला सफल होती है, तो पूरे परिवार को लाभ होता है। विकास को गति देने में महिलाओं के सशक्तिकरण से अधिक प्रभावी कोई साधन नहीं है। प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के साथ, महिला उद्यमी अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और देश भर के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ई–कॉमर्स का उपयोग कर सकती हैं। हम इस साझेदारी के लिए अमेजॅन को बधाई देते हैं क्योंकि राज्य की महिला उद्यमियों के लिए क्षमता निर्माण की पहल और साथ ही उनके उत्पाद के मानकीकरण में मदद करने में यह समर्थन एक लंबा सफर तय करेगा तथा इस तरह की साझेदारी के माध्यम से, हम राज्य भर में महिला उद्यमियों को उनके आर्थिक, सामाजिक, और वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता कर सकेंगे। "उक्त बातें श्री आनंद स्वरूप शुक्ला, माननीय राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास और समग्र ग्राम विकास, उत्तर प्रदेश सरकार ने कही । बतातें चलें कि महिला उद्यमिता दिवस पर, अपने अग्रणी कार्यक्रम–अमेजन सहेली के अंतर्गत, अमेजन इंडिया ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के साथ देश भर में महिला उद्यमियों के विकास में तेजी लाने के लिए सहयोग की घोषणा की। इसके जरिए अमेजन और सरकार लाखों महिला उद्यमियों की सहायता और उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक साथ आएगी एवं अमेजन संस्था समस्त राज्य की महिला एन्टरप्रेन्योर को www.amazon.in के साथ अपने व्यवसाय को ऑनलाइन पंजीकृत करने और व्यापक बाजार आधार तक पहुंचने के लिए सहायता करेगी। सरकार के साथ इस सहयोग के हिस्से के रूप में, अमेजॅन सहेली कार्यक्रम इसके प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन बिक्री की बारीकियों को समझने के लिए उनसे जुड़ी महिला उद्यमियों की मदद करता है एवं व्यापक प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यशालाओं की पेशकश करता है जिससे महिला उद्यमियों को Amazon.in पर अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए आवश्यक क्षमताएं और कौशल विकसित करना काफी आसान हो जायेगा। सहेली कार्यक्रम के प्रतिभागियों के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के, ये प्रशिक्षण कार्यशालाएं उत्पादों की सूची, इमेजिंग, कैटलॉगिंग, पैकेजिंग, शिपिंग, इन्वेंट्री, लेखा–प्रबंधन, और ग्राहक सेवा जैसे विषयों पर जानकारी देंगे साथ ही ऑनबोर्डिंग और मेंटरशिप कार्यक्रम सहित विशेष लाभ प्रदान करते हैं। Amazon.in पूरे उत्तर प्रदेश की महिला उद्यमियों को देश भर में लाखों अमेजन ग्राहकों के लिए ग्रोसरी, होम और फैशन एक्सेसरीज जैसी श्रेणियों में अद्वितीय उत्पाद बिक्री के लिए पेश करने के लिए प्रयासरत है।

# बैठक में रामलला के दर्शन की समय सीमा बढ़ाने पर जोर

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामजन्मभूमि और अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था की बैठक के बाद एडीजी जोन एस .एन साबत का बयान।अयोध्या का सुरक्षा हमारे लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। श्रीराम लला विराजमान है साथ–साथ मंदिर का कंट्रक्शन भी चल रहा है। जाहिर सी बात है दोनों जगह की सुरक्षा हमारे लिए है अत्यंत महत्वपूर्ण। पहले एक ही जगह का सुरक्षा करना था जब एक टेंपरेरी स्ट्रक्चर में राम लला थे विराजमान। भव्य मंदिर बन रहा है वहां पर सुरक्षा का स्ट्रक्चर हम लोग किस प्रकार इनबेल्ट कर सकते हैं उसके सिस्टम में उसके बारे में हम लोग प्लान बना रहे हैं। उसके साथ साथ जो हमारा कंट्रक्शन वर्क चलेगा आवाजाही रहेगी उसको विशेष ध्यान में रखते हुए किस प्रकार का अरजेस्ट होगा मैंन पावर का किस तरह यूज किया जाएगा इस पर बैठक में हुई चर्चा। अधिक दर्शनार्थी आने लगे हैं उनको अधिक से अधिक किस प्रकार सुविधा उपलब्ध करा पाएंगे और अधिक से अधिक लोग आकर के सकुशल दर्शन भी कर सके उसके बारे में ट्रस्ट के लोगों के साथ बैठक हुई। ट्रस्ट के पदाधिकारियों से अभी यहीं सजेस्ट किया है की समय सीमा बढ़ा दे दर्शनार्थियों की आमद पहले काफी बढ़ गयी है हम लोग यही उम्मीद कर रहे हैं कि उसके बारे में थोड़ा विचार करेंगे थोड़ा समय सीमा बढ़ा देने से अधिक संख्या में लोग दर्शन कर पाएंगे। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर मार्ग और गैंग्वे बनाने की योजना बनाई जाएगी।अभी इमीडीएटली तो नहीं है अभी हमारी टीम बनी हैं टूरिस्ट की आवश्यकता को उपलब्ध कराने लिए। श्री राम जन्मभूमि हनुमानगढ़ी कनक भवन नागेश्वरनाथ तथा अन्य जितने रिलीजियस प्लेस है उसमें भी भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है उसके हिसाब से हम लोग किस प्रकार सुरक्षा परिधि को बढ़ाएंगे उस प्रयास कर रहे हैं । अयोध्या के विकास के साथ–साथ सुरक्षा भी आवश्यक है– एसएन सावत एडीजी सुरक्षा

## वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की गोष्ठी का हुआ आयोजन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : नगर स्थित केटी पब्लिक स्कूल सभागार में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें अधिक संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने शिरकत किया। कार्यक्रम का आयोजन साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ एचबी सिंह ने किया, कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक कृष्ण मुरारी सिंह ने किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस महा निरीक्षक कवीन्द्र प्रताप सिंह रहे। मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत स्कूल के बच्चों के द्वारा बैंड बजाकर व स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ इस दौरान कालेज परिसर में लगी स्वर्गीय राना राजीव की मूर्ति पर मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित लोगों को समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह विशेष अतिथि संजय महिंद्रा व कार्यक्रम आयोजक डॉ एचबी सिंह द्वारा संबोधित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के समक्ष अपने संबोधन में कार्यक्रम आयोजक डॉ एचबी सिंह ने बताया वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा अयोध्या व देवरिया जिले में वरिष्ठ नागरिकों की देखरेख व रखरखाव के साथ सरकार की योजनाओं को उन तक सुचारू रूप से पहुंचाये जाने का काम किया जाता है जिससे उनको किसी असुविधा का सामना उम्र के इस पड़ाव में ना करना पड़े, उन्होंने यह भी कहा भविष्य में अन्य जिलों में समिति का काम वरिष्ठ नागरिकों के सापेक्ष आगे चलाए जाने का विचार किया जा रहा है। विशेष अतिथि संजय महिंद्रा ने अपने संबोधन में कहा की वरिष्ठ नागरिकों के रखरखाव देखरेख व सम्मान में जो भी सहयोग उनकी टीम द्वारा अधिकतम हो सकता है वह अवश्य किया जाएगा अंत में मुख्य अतिथि कबीर प्रताप सिंह द्वारा मौजूद वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित किया गया अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जब तक आत्मबल के साथ सहयोग व काम करने की इच्छा आदमी में जागृत रहती है तब तक मनुष्य को वृद्धावस्था का आभास नहीं होना चाहिए साथ में उन्होंने यह भी कहा आवश्यकता के आधार पर हो सकता है भविष्य में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान व सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक मंत्रालय का निर्माण किया जा सके।

# अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में वैदिक गणित विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जनपद अयोध्या के डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में सोमवार को 2021 को वैदिक गणित विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।व्याख्यान को संबोधित करते हुए श्रीगोवर्धन मठ,पुरी उड़ीसा के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि भूत, भविष्य व वर्तमान में जितना भी ज्ञान–विज्ञान व आविष्कार अभिव्यक्त हो रहा है वह सब वेदों से ही उत्पन्न हुआ है। अवध विश्व विद्यालय में शंकराचार्य महाराज को सुनने के लिए जुटे भक्त अवध विश्व विद्यालय में शंकराचार्य महाराज को सुनने के लिए जुटे भक्त गणना के लिए हर छोटे–बड़े यंत्र का आविष्कार अंततः मानव के ज्ञान से ही सम्भव भारतीय ज्ञान–विज्ञान के गौरवशाली स्वर्णिम आधार स्तंभों में से वैदिक गणित प्रमुख है। वर्तमान समय में छोटी–छोटी गणना के लिए भी कैलकुलेटर पर निर्भर रहने वाले लोगों के मध्य वैदिक गणित यह प्रमाण प्रस्तुत करता है कि मनुष्य मस्तिष्क से अधिक क्षमतावान कोई यंत्र नहीं है।गणना के लिए हर छोटे–बड़े यंत्र का आविष्कार अंततः मानव के ज्ञान से ही सम्भव हो पाया है। आज पहली बार शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी के आगमन पर वेद मंत्रों की मुखर ध्वनि के मध्य संत कबीर सभागार में हर एक अंतःकरण ने अध्यात्मिक शांति व भक्ति प्रेरणा की दिव्य तरंगों का साक्षात दर्शन व अनुभव किया। गणित की सीमा का अतिक्रमण करके किसी भी वस्तु की रचना कर पाना असंभव, कार्यक्रम में श्री शंकराचार्य ने वैदिक गणित, ऋग्वेद, अथर्ववेद, तैत्तिरीय उपनिषद, छांदोग्य उपनिषद आदि सभी भारतीय वैदिक वांग्मय में मौजूद गणित के सर्वोच्च सिद्धांत की प्रविधियां है। उन्होंने कहा कि इस संपूर्ण विश्व–ब्रह्मांड के कण–कण में गणित का रंग स्वरूप समाहित है।अनादि से अनंत ब्रह्म,एक मन, पंचतत्व,पंचतन्मात्रा, आदि से निर्मित यह संपूर्ण प्रकृति, मनुष्य एवं प्रत्येक पदार्थ सबके सब गणित में सन्निहित हैं। गणित की सीमा का अतिक्रमण करके किसी भी वस्तु की रचना कर पाना असंभव है। छोटे से छोटे कार्य हेतु यंत्रों काअंबार खड़ा करके विश्व मानवता को विकलांग सा बना दिया। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में विज्ञान जगत ने हर छोटे से छोटे कार्य हेतु यंत्रों का अंबार खड़ा करके विश्व मानवता को विकलांग सा बना दिया है। वैदिक गणित मानवता को यंत्रों की बैसाखी से हटाकर एक क्षण में मनुष्य मस्तिष्क को गणना के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने के साथ साथ श्रेष्ठतम आध्यात्मिक आयाम प्रदान करने में सर्व समर्थ है। कार्यक्रम में जगत गुरु शंकराचार्य जी ने प्रतिभागियों से उनकी जिज्ञासा शांति के लिए विस्तृत एवं सहज रूप से समाधान प्रस्तुत किया। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी के वैदिक पंचांग व पुस्तक का लोकार्पण करते शंकराचार्य महाराज प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी के वैदिक पंचांग व पुस्तक का लोकार्पण करते शंकराचार्य महाराज पंचाग व पुस्तक का लोकार्पण किया इससे पहले शंकराचार्य ने अयोध्या से लगातार पांचवें साल प्रकाशित एकमात्र वैदिक पंचाग के नव अंक व अयोध्या दर्शन पुस्तक का लोकार्पण किया, इसके लेखक संकटमोचन हनुमान मंदिर, सागर के अध्यक्ष व प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी हैं।

## पदयात्रा में कांग्रेसियों ने दिखाई ताकत : शिवम उपाध्याय ने कहा आ रही है कांग्रेस

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के घघरिया गांव से रामनगर होते हुए चौबेपुर हेड बड़ी नहर के चौराहे तक कांग्रेसियों ने भाजपा भगाओ, मंहगाई हटाओ के बैनर तले प्रतिज्ञा पदयात्रा निकाला।चौराहे पर पदयात्रा सभा में तब्दील हो गई। जिसमे विधानसभा प्रभारी बृजेंद्र मिश्र ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जनता से कांग्रेस को आगामी विधानसभा में भारी बहुमत से जीत दिलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक व कांग्रेसी नेता शिवम उपाध्याय ने कहा कि जनता मंहगाई से त्रस्त है। जनता परिवर्तन का मन बना लिया है।उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम को कई कांग्रेसी नेताओं ने संबोधित किया। पदयात्रा के दौरान लालजी उपाध्याय, शेर बहादुर सिंह, कन्हैया लाल पाल, जितेंद्र उपाध्याय सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महंगाई से कराह रही जनता चुनाव में भाजपा को सिखायेगी सबक

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भाजपा शासन काल मे बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त है लेकिन भाजपा सरकार के कान में जूं नहीं रेंग रही है।महंगाई से कराह रही जनता समय आने पर भाजपा को इसका माकूल जवाब देगी।उक्त विचार पीसीसी सदस्य तथा कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने नेवरा बाजार में आयोजित सभा मे व्यक्त किये।सभा की अध्यक्षता वयोवृद्ध कांग्रेसी हाजी अकील खाँ ने की तथा संचालन जिला कांग्रेस सचिव मुजतबा खाँ ने किया। श्री शुक्ला ने केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इस सरकार में किसान,युवा,छोटे व्यापारी सब परेशान है लेकिन भाजपा सरकार इन की समस्याओं को अनदेखी करके सिर्फ उद्योग पतियों को बढ़ावा दे रही है।इससे पूर्व सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने दयानन्द शुक्ला की अगुवाई में कांग्रेस प्रतिज्ञा पद यात्रा निकाली।पद यात्रा रतनपुर से प्रारम्भ हुई जो शेरपुर,पठान पुरवा,बघेड़ी,संडवा होते हुए नेवरा बाजार में समाप्त हुई।यात्रा के समय उत्साहित कांग्रेस के कार्यकर्ता जब से भाजपा आयी है कमर तोड़ महंगाई है आदि सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे।यात्रा में रूदौली विधान सभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मुनीर अहमद खां,ब्लाक अध्यक्ष परमानन्द शुक्ला,मुजफ्फर हसन खाँ,अशोक गुप्ता,रिजवान खाँ,पूर्व प्रधान अशोक कुमार शुक्ला,मुनीशा मिश्रा,शुएब खाँ,वीरबहादुर पाण्डेय,दिनेश तिवारी,दिलीप शुक्ला,जगतपाल रावत,इरफान खाँ,पूर्व प्रधान कदीर खाँ,पूर्व प्रधान हरिकेश मौर्य,राम कृष्ण शुक्ला,गौरव शुक्ला,गया प्रसाद गौतम,दुर्गा प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

## कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किया गया किसानों में निःशुल्क गेहूँ बीज वितरण

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एंव प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय के कृषि वानिकी विभाग के अंतर्गत चल रही अखिल भारतीय समंवित कृषि वानिकी अनुसंधान परियोजना के सौजन्य से ग्राम पंचायत मीन नगर विकास खण्ड दरियाबाद जिला बाराबंकी के अनुसूचित जाति के किसानों को एक दिवसीय गेहूँ बीज वितरण कार्यक्रम सम्पन हुआ। और किसानों को गेहूँ के बीज मिलते ही किसानों के चहरे पर खुशी की लहर दौड़ गयी ये कार्यक्रम कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के मार्ग दर्शन पर कराया गया। इस अवसर पर डॉ ओ पी राव प्राध्यापक एंव अध्यक्ष कृषि वानिकी विभाग किसानों को ऑनलाइन खेती के साथ साथ गेहूँ को लगाकर आय बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया। गेहूँ के बीज वितरण गांव के अनुसूचित जाति के किसानों को ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में वितरित किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में परियोजना अन्वेषक डॉ एस के वर्मा की अध्यक्षता में गेहूँ बीज वितरण किया गया है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इससे पूर्व भी अनुसूचित जनजाति किसानों को फलदार पेड़ पौधे एवं सब्जियों के बीज का भी निशुल्क वितरण किया गया था। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ दुर्गा प्रसाद सिंह, नंद किशोर सिंह, जगदेव सिंह, सीताराम ,अभय प्रताप सिंह, शौर्य प्रताप सिंह के साथ प्रेस टीम से आरके गुप्ता, अखिलेन्द्र गुप्ता, दुर्गेश व सोमनाथ आदि उपस्थित रहे।

# अपूर्व जोशी, डॉ नुसरत व आविद को दिया जाएगा माटी रतन सम्मान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जिले के अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने 2021 में माटी रतन सम्मान पाने वालों के नाम की घोषणा कर दी है। इस वर्ष हिन्दी में यह माटी रतन सम्मान अपूर्व जोशी, उर्दू में डॉ नुसरत मेहंदी व समाजसेवा के क्षेत्र से सै.आविद हुसैन को दिया जाएगा। यह फैसला सम्मान चयन समिति की ओर से किया गया है। जिसका ऐलान संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडेय ने किया। उन्होंने बताया कि अमर शहीद अशफाकउल्ला के शहादत दिवस पर आयोजित भव्य समारोह के दौरान मंडल कारागार में तीनों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में यतीम खाना, गुरुकुल व मूकबधिर विद्यालय के एक–एक गरीब छात्र को सहायता व प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को पुरस्कार दिया जाएगा। समारोह सुबह बजे सर्वधर्म प्रार्थना से प्रारंभ किया जाएगा। सलाम जाफरी, लड्डू लाल यादव, विश्व प्रताप सिंह अंशू, विकास सोनकर, विक्रम निषाद, अंकित पाण्डेय भी मौजूद रहे।

## संस्थान का उद्देश्य बच्चों के स्किल एवं सोशल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है– ओम प्रकाश

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : किड्जी दुर्गापुरी कॉलोनी अयोध्या के संरक्षण में इनरव्हील क्लब द्वारा किड्जी के बच्चों के बीच ड्राइंग कंपटीशन राइम्स खेलकूद एवं फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया स इस अवसर पर किड्जी के बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया स संस्थान का उद्देश्य बच्चों के स्किल एवं सोशल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है स किड्जी स्कूल में प्रशिक्षित अध्यापिकाओ द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है इस अवसर पर किड्जी दुर्गापुरी के डायरेक्टर डॉक्टर ओम प्रकाश शुक्ला ने इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष रत्ना जायसवाल, सेक्रेटरी सीमा साहू तथा रजनी एवं गुंजा का बुके देकर स्वागत किया इस समय कोऑर्डिनेटर श्रुति तिवारी इंजीनियर सुनील शुक्ल, कुलदीप तिवारी, श्यामा शर्मा एवं स्वाति शुक्ला उपस्थित रही स इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष रत्ना जायसवाल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार वितरण किया।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।